भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4218**

दिनांक 20.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**पासपोर्ट कार्यालय**

4218. **श्री अरुण कुमार सागरः**
क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि की स्थिति के अनुसार देश में पासपोर्ट कार्यालयों की राज्यवार संख्या कितनी है;
(ख) इन पासपोर्ट कार्यालयों में प्रतिमाह औसतन कितने आवेदनों की जांच की जाती है;
(ग) क्या पासपोर्ट जारी करने में कोई विलंब होता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या देश में और अधिक पासपोर्ट कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) एवं (ख) पासपोर्ट कार्यालयों का ब्यौरा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) वार तथा प्रतिमाह औसतन जांचे गए आवेदनों की संख्या अनुलग्नक–I में संलग्न है।

(ग) पासपोर्ट जारी करने में लगने वाला औसत समय (पुलिस सत्यापन समय को छोड़कर) सामान्य पासपोर्ट के लिए 7–10 दिन और तत्काल पासपोर्ट के लिए 1–3 दिन है। पासपोर्ट समय पर जारी करने में आवेदकों के व्यक्तिगत विवरण का पुलिस सत्यापन (पीवी) महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में पुलिस सत्यापन करने में औसतन 15 दिनों का समय लगता है।

मांग में वृद्धि के कारण, सरकार पासपोर्ट जारी करने में तेजी लाने और पासपोर्ट की उच्च या समय विशेष संबंधी मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है, जिसमें दैनिक नियुक्तियों की संख्या में वृद्धि और सप्ताहांत पर विशेष अभियान आयोजित करना शामिल है।

(घ) एवं (ङ) पासपोर्ट कार्यालय (पीओ)/पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलना एक सतत प्रक्रिया है और यह मौजूदा पीओ/पीएसके/पीओपीएसके से दूरी और किसी विशेष क्षेत्र से पासपोर्ट आवेदनों की मात्रा सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

अनुबंध –I

पासपोर्ट कार्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार सूची तथा इन पासपोर्ट कार्यालयों में प्रतिमाह औसतन जांचे गए आवेदनों की संख्या

| क्रं०संख्या | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पासपोर्ट कार्यालय | प्रतिमाह औसतन जांचे गए आवेदनों की संख्या [1 जनवरी, 2024 से 30 नवंबर, 2024 की अवधि तक[ |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | आरपीओ विजयवाड़ा | 23,859 |
| 2. | | आरपीओ विशाखापट्टनम | 16,262 |
| 3. | असम | आरपीओ गुवाहाटी | 15,511 |
| 4. | बिहार | आरपीओ पटना | 32,813 |
| 5. | चंडीगढ़ | आरपीओ चंडीगढ़ | 68,399 |
| 6. | छत्तीसगढ़ | आरपीओ रायपुर | 5,205 |
| 7. | दिल्ली | आरपीओ दिल्ली | 59,281 |
| 8. | गोवा | आरपीओ गोवा | 4,956 |
| 9. | गुजरात | आरपीओ अहमदाबाद | 61,105 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | | आरपीओ सूरत | 16,710 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | आरपीओ शिमला | 6,010 |
| 12. | जम्मू एवं कश्मीर | आरपीओ जम्मू | 5,130 |
| 13. | | आरपीओ श्रीनगर | 8,171 |
| 14. | झारखंड | आरपीओ रांची | 9,645 |
| 15. | कर्नाटक | आरपीओ बेंगलुरु | 76,789 |
| 16. | केरल | आरपीओ कोचीन | 54,616 |
| 17. | | आरपीओ कोझिकोड | 58,988 |
| 18. | | आरपीओ तिरुवनंतपुरम | 21,341 |
| 19. | मध्य प्रदेश | आरपीओ भोपाल | 22,612 |
| 20. | महाराष्ट्र | आरपीओ मुंबई | 74,188 |
| 21. | | आरपीओ नागपुर | 9,160 |
| 22. | | आरपीओ पुणे | 37,983 |
| 23. | ओडिशा | आरपीओ भुवनेश्वर | 8,602 |
| 24. | पंजाब | आरपीओ अमृतसर | 19,478 |
| 25. | | आरपीओ जालंधर | 32,478 |
| 26. | राजस्थान | आरपीओ जयपुर | 35,331 |
| 27. | | आरपीओ कोटा | 6,995 |
| 28. | तमिलनाडु | आरपीओ चेन्नई | 45,040 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | | आरपीओ कोयंबटूर | 15,063 |
| 30. | | आरपीओ मदुरै | 22,373 |
| 31. | | आरपीओ तिरुचिरापल्ली | 18,717 |
| 32. | तेलंगाना | आरपीओ हैदराबाद | 62,770 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | आरपीओ बरेली | 16,478 |
| 34. | | आरपीओ गाजियाबाद | 27,411 |
| 35. | | आरपीओ लखनऊ | 64,807 |
| 36. | उत्तराखंड | आरपीओ देहरादून | 11,555 |
| 37. | पश्चिम बंगाल | आरपीओ कोलकाता | 48,349 |

*****